# उत्तराखंड विधान सभा

## प्रथम सत्र 2026

## अतारांकित प्रश्न

## 12 मार्च, 2026

----

[**शिक्षा मंत्रालय - स्वास्थ्य मंत्रालय** ].

**कुल प्रश्न** - 100

----

**प्रदेश में स्थापित एवं प्रस्तावित केन्द्रीय विद्यालयों तथा जसपुर जनपद ऊधमसिंह नगर में केन्द्रीय विद्यालय स्थापना हेतु भारत सरकार को प्रेषित प्रस्ताव की स्थिति के संबंध में।**

1 **श्री आदेश सिंह चौहान** (**जसपुर** )ः

**शिक्षा मंत्रालय** :=क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के कितने जनपदों में केन्द्रीय विद्यालय स्थापित हैं और भविष्य में किन-किन जनपदों में केन्द्रीय विद्यालय खोले जाने प्रस्तावित हैं? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि सरकार द्वारा जनपद ऊधमसिंह नगर के विधान सभा क्षेत्र जसपुर में केन्द्रीय विद्यालय खोले जाने हेतु भारत सरकार को प्रस्ताव प्रेषित किया गया है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि उक्त प्रस्ताव पर स्वीकृति कब तक प्राप्त होगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**जनपद चमोली के विकास खण्ड पोखरी अंतर्गत राजकीय इंटर कॉलेजों ,देवीखेत, उडामाण्डा,चौण्डी में नये विद्यालय भवनों एवं सरणा ऐरास में अतिरिक्त कक्षों के निर्माण की वर्तमान स्थिति के संबंध में।**

2 **श्री लखपत सिंह बुटोला** (**बद्रीनाथ** )ः

**शिक्षा मंत्रालय** :=क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि

जनपद चमोली के विकास खण्ड पोखरी के अर्न्तगत रा0इ0का0 देवीखेत, रा0इ0का0 उडामाण्डा, रा0इ0का0 चौण्डी में नये विद्यालय भवनों के निर्माण एवं रा0इ0का0, सरणा ऐरास में तीन नये अतिरिक्त कक्षों के निर्माण की वर्तमान स्थिति क्या है तथा किस समयावधि तक उक्त विद्यालयों के भवनों/कक्षों का निर्माण किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**उपकेन्द्र लूपड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लोहाघाट जनपद चम्पावत में कार्यरत स्वास्थ्य कार्यकर्त्री महिला एएनएम के देहरादून अथवा टिहरी के समीप स्थानान्तरण सम्बद्धता के संबंध में।**

**''कार्य संचालन नियमावली के अध्याय 7 के नियम-30 के उपनियम-5 के आधार पर निरस्त।''**

3 **श्री प्रीतम सिंह पंवार (धनौल्टी):**

**स्वास्थ्य मंत्रालय :**=क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय पत्रांक-2586/स्थाना0/ 2024-25, दिनांक 27.11.2024 तथा पत्रांक- 2916/ सम्बद्धता/2025-26, दिनांक 20.04.2025 के माध्यम से सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उत्तराखण्ड शासन को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, लोहाघाट, जनपद चम्पावत के अन्तर्गत उपकेन्द्र लूपड़ा में दिनांक 20 फरवरी, 2019 से कार्यरत स्वास्थ्य कार्यकर्त्री (महिला) (ए.एन.एम.) की देहरादून अथवा आस-पास स्थानान्तरण/ सम्बद्धता किये जाने हेतु पत्र प्रेषित किया गया था? क्या यह भी सत्य है कि उक्त स्वास्थ्य कार्यकर्त्री की एक 06 वर्षीय एवं 06 माह की दो पुत्रियां भी हैं, जिनकी देखभाल करने वाला घर पर कोई अन्य सदस्य नहीं है? क्या सरकार बतायेगी कि उक्त स्वास्थ्य कार्यकर्त्री को देहरूादन अथवा टिहरी के आस-पास क्षेत्र के स्वास्थ्य केन्द्र पर सम्बद्ध किया जायेगा? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**राज्य के विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को प्रदान किये जा रहे मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता एवं उसमें सुधार हेतु प्रस्तावित कार्ययोजना के संबंध में।**

4 **श्री उमेश कुमार पत्रकार (खानपुर):**

**शिक्षा मंत्रालय :**=क्या विद्यालयी शिक्षा (बेसिक) मंत्री अवगत हैं कि राज्य के विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को दिये जा रहे मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता अत्यधिक निम्न स्तर की है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बतायेंगे कि सरकार द्वारा मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता में सुधार हेतु कोई ठोस कार्ययोजना बनायी जायेगी? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**जनपद हरिद्वार के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं उप जिला चिकित्सालयों में चिकित्सकीय स्टाफ एवं स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी के संबंध में।**

5 **श्री विरेन्द्र कुमार (झबरेड़ा ):**

**स्वास्थ्य मंत्रालय :**=क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री के संज्ञान में है कि जनपद हरिद्वार के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों (पी.एच.सी.), सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों (सी.एच.सी.) तथा उप जिला चिकित्सालयों में चिकित्सकों, विशेषज्ञ चिकित्सकांे, नर्सिंग स्टाफ और तकनीकी कर्मियों की भारी कमी है? क्या यह भी सत्य है कि कई चिकित्सा संस्थानों मंे एक्स-रे, अल्ट्रासाउण्ड, पैथोलाजी, आपातकालीन सेवाएं एवं जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता भी अत्यन्त सीमित है या पूरी तरह अनुपलब्ध है, जिस कारण क्षेत्रीय जनता को उचित स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं? क्या सरकार द्वारा इन कमियों को दूर करने हेतु कोई विशेष कार्ययोजना तैयार की गई है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी सरकार द्वारा आतिथि तक किए गए प्रयासों तथा भावी योजनाओं का विवरण सदन के पटल पर रखेंगे? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## जनपद पिथौरागढ़ मुख्यालय स्थित नव निर्मित महिला अस्पताल भवन में लिफ्ट स्थापना के संबंध में।

6 **श्री मयूख सिंह महर (पिथौरागढ़ ):**

**स्वास्थ्य मंत्रालय :**=क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद पिथौरागढ़ के मुख्यालय में नव निर्मित महिला अस्पताल भवन में मुख्यमंत्री जी के आदेशों के उपरान्त भी लिफ्ट की स्थापना अभी तक नहीं की गयी है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त महिला अस्पताल में लिफ्ट कब तक स्थापित करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## जनपद हरिद्वार के खानपुर विधानसभा क्षेत्र के राजकीय विद्यालयों के प्रस्तावित उच्चीकरण का विवरण सदन के पटल पर रखे जाने के संबंध में।

7 **श्री उमेश कुमार पत्रकार (खानपुर ):**

**शिक्षा मंत्रालय :**=क्या विद्यालय शिक्षा (बेसिक/माध्यमिक) मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के खानपुर विधान सभा क्षेत्र के कितने राजकीय विद्यालयों का उच्चीकरण कराया जाना प्रस्तावित है? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## जनपद टिहरी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी अंतर्गत ग्राम कौशल पट्टी नगुण (थौलधार) में राजकीय ऐलोपैथिक डिस्पेंसरी खोले जाने के संबंध में।

8 **श्री प्रीतम सिंह पंवार (धनौल्टी ):**

**स्वास्थ्य मंत्रालय :**=क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के विकास खण्ड थौलधार मध्ये ग्राम कौशल पट्टी

नगुण व आस-पास गांवों की स्वास्थ्य सुविधा हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कण्डीसौड़ की दूरी लगभग 10 किमी0 है, जिससे ग्रामीणों को उचित स्वास्थ्य सुविधा नहीं मिल पा रही है? क्या सरकार द्वारा व्यापक जनहित में ग्राम कौशल पट्टी नगुण (थौलधार) में राजकीय ऐलोपैथिक डिस्पेंसरी खोलने पर विचार किया जायेगा? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**विद्यालयी शिक्षा विभाग अंतर्गत बी0आर0पी0/सी0आर0पी0 भर्ती हेतु माह जून, 2024 में रैंडम चयन प्रक्रिया के स्थान पर मेरिट आधारित चयन प्रणाली अपनाये जाने के संबंध में।**

9 **श्री प्रीतम सिंह पंवार (धनौल्टी ):**

**शिक्षा मंत्रालय** :=क्या विद्यालयी शिक्षा (बेसिक/माध्यमिक) मंत्री बताने का कष्ट करंेगे कि राज्य में विद्यालयी शिक्षा के अन्तर्गत बी0आर0पी0/सी0आर0पी0 भर्ती हेतु माह जून, 2024 में विज्ञप्ति जारी की गयी थी? क्या यह सत्य है कि भर्ती परीक्षा रेंडम चयन प्रक्रिया द्वारा की जा रही है, जिसमें कई अयोग्य अभ्यर्थियों के चयन होने की आशंका अभ्यर्थियों द्वारा व्यक्त की जा रही है? क्या यह भी सत्य है कि समग्र शिक्षा की सम्पन्न बैठक में भी रैंडम चयन प्रक्रिया को छोड़कर मैरिट के आधार पर चयन को वरीयता देने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था? क्या सरकार द्वारा वी0आर0पी0/सी0आर0पी0 भर्ती परीक्षा में रैंडम चयन को छोड़कर मेरिट के आधार पर चयन प्रक्रिया को पूर्ण किया जायेगा? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**जनपद उत्तरकाशी स्थित राजीव गांधी नवोदय विद्यालय चिन्यालीसौड़ के भवन निर्माण कार्य में शिथिलता के संबंध में।**

10 **श्री संजय डोभाल (यमुनोत्री ):**

**शिक्षा मंत्रालय** :=क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) मंत्री अवगत हैं कि जनपद उत्तरकाशी में राजीव गांधी नवोदय विद्यालय, चिन्यालीसौड़ के भवन का निर्माण वर्ष, 2024 से प्रारम्भ किया गया था जिसके निर्माण की गति अत्यन्त धीमी है, जिसके कारण स्थानीय लोगों में कार्यदायी संस्था के प्रति अत्यन्त रोष है? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त विद्यालय भवन के निर्माण कार्य में अत्यन्त शिथिलता के क्या कारण हैं? क्या सरकार छात्रहित के दृष्टिगत उक्त विद्यालय भवन का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**जनपद टिहरी गढ़वाल के विकास खण्ड थौलधार स्थित रा0इ0का0, गैर (नगुण) के जर्जर भवन एवं नये भवन निर्माण के संबंध में।**

11 **श्री प्रीतम सिंह पंवार (धनौल्टी ):**

**शिक्षा मंत्रालय** :=क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) मंत्री अवगत हैं कि जनपद उत्तरकाशी में राजीव गांधी नवोदय विद्यालय, चिन्यालीसौड़ के भवन का निर्माण वर्ष, 2024 से प्रारम्भ किया गया था जिसके निर्माण की गति अत्यन्त धीमी है, जिसके कारण स्थानीय लोगों में कार्यदायी संस्था के प्रति अत्यन्त रोष है? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त विद्यालय भवन के निर्माण कार्य में अत्यन्त शिथिलता के क्या कारण हैं? क्या सरकार छात्रहित के दृष्टिगत उक्त विद्यालय भवन का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र थत्यूड़ (जौनपुर) जनपद टिहरी गढ़वाल में स्वीकृत एवं रिक्त पदों की स्थिति के संबंध में।

12 **श्री प्रीतम सिंह पंवार (धनौल्टी ):**

**स्वास्थ्य मंत्रालय** :=क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करंेगे कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, थत्यूड़ (जौनपुर), जनपद टिहरी गढ़वाल में विशेषज्ञ चिकित्साधिकारियों, चिकित्साधिकारियों, तकनीशियनों व पैरामेडिकल स्टॉफ के कितने पद स्वीकृत हैं और स्वीकृत पदों के सापेक्ष कितने पदों पर तैनाती की गयी है? क्या सरकार बतायेगी कि उपरोक्त स्वास्थ्य केन्द्र में पद किस तिथि से रिक्त चल रहे है और कब तक रिक्त पदों पर तैनाती सुनिश्चित कर दी जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, मंजकोट (नगुण), वि0ख0 थौलधार, जनपद टिहरी गढ़वाल में तैनात भाषा अध्यापक की व्यवस्था समाप्त कर मूल तैनाती स्थल पर नियुक्ति के संबंध में।

13 **श्री प्रीतम सिंह पंवार (धनौल्टी ):**

**शिक्षा मंत्रालय** :=क्या विद्यालयी शिक्षा (बेसिक) मंत्री अवगत हैं कि राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, मंजकोट (नगुण), वि0ख0 थौलधार, जनपद टिहरी गढ़वाल में तैनात भाषा विषय के अध्यापक माह फरवरी, 2021 से रा0उ0प्रा0वि0, भोना बागी, विकास खण्ड चम्बा, टिहरी गढ़वाल में 01 माह की व्यवस्था पर तैनात किये गये थे, जिस कारण रा0उ0प्रा0वि0, मंजकोट (नगुण) का शिक्षण कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहा है? क्या यह भी सत्य है कि अध्यक्ष/सचिव, रा0उ0प्रा0वि0, मंजकोट(नगुण) के द्वारा वर्ष, 2021 से लगातार व्यवस्था समाप्त कर मूल तैनाती हेतु उच्चाधिकारियों से अनुरोध किया जा रहा है? क्या सरकार छात्र-छात्राओं के हित में उक्त अध्यापक की व्यवस्था तत्काल समाप्त कर मूल तैनाती स्थल पर नियुक्ति हेतु कार्यवाही करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## दून मेडिकल कॉलेज एवं वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर गढ़वाल के किसी भवन का नाम डॉ० कुशलानन्द गैरोला के नाम पर रखे जाने के संबंध में।

14 **श्री बृजभूषण गैरोला (डोईवाला ):**

**स्वास्थ्य मंत्रालय** :=क्या चिकित्सा शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि गढ़वाल क्षेत्र के कई सामाजिक संगठनों द्वारा महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जाने माने चिकित्सक डा0 कुशलानन्द गैरोला, एम0डी0 वियना के नाम से दून मेडिकल कॉलेज, वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली राजकीय मेडिकल कॉलेज, श्रीनगर गढ़वाल के किसी भवन का नाम किये जाने की मांग लम्बे समय से की जा रही है? क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि डा0 कुशलानन्द गैरोला देश के जाने-माने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, प्रसिद्ध चिकित्सक व पूर्व विधायक रहे हैं एवं संयुक्त प्रान्त उत्तर प्रदेश में वर्ष 1946 में पौड़ी गढ़वाल से विधायक, वर्ष, 1948 में टिहरी राज्य की अन्तरिम सरकार में स्वास्थ्य मंत्री तथा उत्तर प्रदेश की विधान परिषद के सदस्य भी रहे हैं? क्या सरकार द्वारा उपरोक्त को दृष्टिगत रखते हुए डॉ0 कुशलानन्द गैरोला के नाम से दून मेडिकल कॉलेज, वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली मेडिकल कॉलेज, श्रीनगर गढ़वाल के किसी भवन का नाम रखा जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## पी0एम0श्री राजकीय इण्टर कॉलेज, मैण्डखाल विकास खण्ड थौलधार जनपद टिहरी गढ़वाल के कार्मिकों की सम्बद्धता निरस्त कर मूल तैनाती सुनिश्चित किये जाने के संबंध में।

15 **श्री प्रीतम सिंह पंवार (धनौल्टी ):**

**शिक्षा मंत्रालय** :=क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पी0एम0श्री राजकीय इण्टर कॉलेज, मैण्डखाल, विकास खण्ड थौलधार, जनपद टिहरी गढ़वाल में नियुक्त वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी दिनांक 01 अक्टूबर, 2024 से मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय, नरेन्द्रनगर, टिहरी गढ़वाल तथा कनिष्ठ सहायक दिनांक 17 अगस्त, 2023 से एस.सी.ई.आर.टी. कार्यालय, देहरादून में सम्बद्ध किये गये हैं? यदि हां, तो क्या यह सत्य है कि शासन द्वारा कार्मिकों को सम्बद्ध न किये जाने के आदेश निर्गत किये गये हैं? क्या सरकार छात्र-छात्राओं के हित तथा अभिभावकों की मांग पर दोनों कार्मिकों की सम्बद्धता निरस्त कर, मूल तैनाती स्थल पर योगदान दिये जाने का आदेश पारित करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## जनपद उत्तरकाशी के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, चिन्यालीसौड़ में विशेषज्ञ चिकित्सकों के रिक्त पदों एवं चिकित्सीय सुविधाओं की स्थिति के संबंध में।

16 **श्री संजय डोभाल (यमुनोत्री ):**

**स्वास्थ्य मंत्रालय** :=क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद उत्तरकाशी के विकास खण्ड चिन्यालीसौड़ में स्थापित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द,्र चिन्यालीसौड़ मंे विशेषज्ञ चिकित्सकों के 8 पद रिक्त होने से मरीजों को अत्यधिक परेशानी होने के साथ-साथ यह स्वास्थ्य केन्द्र रेफरल सेंटर साबित हो रहा है? क्या यह भी सत्य है कि चिन्यालीसौड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में एक्सरे और अल्ट्रासाउंड मशीन होने के बावजूद नियमित विशेषज्ञ न होने से मरीजो को इसका लाभ नही मिल पा रहा है? यदि

हां, तो क्या मंत्री जी बतायेंगे कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द,्र चिन्यालीसौड़ में विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं एक्सरे और अल्ट्रासाउंण्ड चिकित्सकों की स्थायी नियुक्ति कब तक की जायेगी ?यदि नहीं, तो क्यों?

----

**प्रदेश के सरकारी हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट विद्यालयों में प्रधानाध्यापक एवं प्रधानाचार्य के रिक्त पदों पर नियुक्ति के संबंध में।**

17 **श्री बृजभूषण गैरोला (डोईवाला ):**

**शिक्षा मंत्रालय :**—क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश के सरकारी हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट में प्रधानाध्यापकों व प्रधानाचार्यों के कई पद वर्षों से रिक्त चल रहे है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के सरकारी हाईस्कूलों व इण्टरमीडिएट स्कूलों में प्रधानाध्यापकांे व प्रधानाचार्यों के रिक्त पदों पर नियुक्ति की जा रही है? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**जनपद देहरादून स्थित दून मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय में रेडियोथैरेपी यूनिट की स्थापना के संबंध में।**

18 **श्री बृजभूषण गैरोला (डोईवाला ):**

**स्वास्थ्य मंत्रालय :**—क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून के राजकीय दून मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय में रेडियोथैरेपी की सुविधा न होने से मरीजों को निजी अस्पतालों में रेडियोथैरेपी के लिए जाना पड़ता है, जिसके कारण मरीजों पर अत्यधिक आर्थिक बोझ पड़ता है? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि राजकीय दून मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय में कैंसर रोगियों के उपचार के लिए रेडियोथैरेपी यूनिट लगाई जायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**मुख्यमंत्री घोषणा संख्या-96/2024 के अंतर्गत राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, उद्यमस्थल विधानसभा क्षेत्र कपकोट जनपद बागेश्वर के उच्चीकरण कर 20 बैड के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण के संबंध में।**

19 **श्री सुरेश गढ़िया (कपकोट ):**

**स्वास्थ्य मंत्रालय :**—क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर के विधान सभा क्षेत्र कपकोट के अन्तर्गत मुख्यमंत्री घोषणा संख्या-96/2024 के अनुरूप राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, उद्यमस्थल को उच्चीकृत कर 20 बैड के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण किया जायेगा? यदि हां, तो क्या सरकार जनहित में राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द,्र उद्यमस्थल का उच्चीकरण कर 20 बैड के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का शीघ्र निर्माण करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**बैचलर ऑफ फाईन आर्टस/पैंटिग मूर्तिकला उपाधि धारकों के लिए बी.एड. की अनिवार्यता समाप्त कर शैक्षणिक कार्य हेतु मान्यता प्रदान किये जाने के संबंध में।**

**"द्वितीय गुरूवार के अतारांकित प्रश्न संख्या-16 में स्थानांतरित"**

20 **श्री महेश जीना (सल्ट ):**

**शिक्षा मंत्रालय** :=क्या उच्च शिक्षा मंत्री अवगत है कि प्रदेश में बैचलर ऑफ फाईन आर्टस/पैंटिग मूर्तिकला की डिग्री के बाद भी बी.एड. को अनिवार्य कर दिया गया है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी इस बात से अवगत हैं कि अन्य प्रदेशों में बैचलर ऑफ फाईन आर्टस/पैंटिग मूर्तिकला की डिग्री के बाद भी बी.एड. अनिवार्य नहीं है? क्या सरकार अन्य प्रदेशों की भांति बैचलर ऑफ फाईन आर्टस/पैंटिग मूर्तिकला की डिग्री को शैक्षणिक कार्य हेतु मान्यता प्रदान करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**प्रदेश के चिकित्सालयों में अल्ट्रासाउंड एम.आर.आई एवं एक्स-रे मशीनों की उपलब्धता तथा रेडियोलॉजिस्ट एवं टेक्नीशियन के स्वीकृतध्रिक्त पदों की स्थिति के संबंध में।**

21 **श्री महेश जीना (सल्ट ):**

**स्वास्थ्य मंत्रालय** :=क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के कितने चिकित्सालयों में मानकानुसार अल्ट्रासाउण्ड, एम.आर.आई एवं एक्स-रे मशीन स्थापित है और इन मशीनों को संचालित करने हेतु कितने रेडियोलॉजिस्ट एवं टेक्नीशियन तैनात किये गये है तथा वर्तमान में कितने पद रिक्त है? क्या सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को बेहत्तर करने के लिए अल्ट्रासाउण्ड, एम.आर.आई. एवं एक्स-रे मशीन के सापेक्ष रेडियालॉजिस्ट एवं टैक्नीशियनों की नियुक्ति करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हिण्डोलाखाल एवं बागी विधानसभा क्षेत्र देवप्रयाग जनपद टिहरी गढ़वाल में मरीजों की बढ़ती संख्या के दृष्टिगत उच्चीकरण कर उप जिला चिकित्सालय स्थापित किये जाने के संबंध में।**

22 **श्री विनोद कण्डारी (देयप्रयाग ):**

**स्वास्थ्य मंत्रालय** := क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र देवप्रयाग के अन्तर्गत राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द,्र हिण्डोलाखाल व बागी देवप्रयाग में स्थापित है? क्या यह भी सत्य है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्रों में मरीजों की अधिक संख्या होने के कारण उपचाराधीन मरीजों को बैड इत्यादि की सुविधा का लाभ नहीं मिल पाता है, जिस कारण स्थानीय लोगों को स्वास्थ्य सुविधा के लिए बाहर जाना पड़ता है? यदि हां, तो क्या सरकार राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य

केन्द,्र हिण्डोलाखाल व बागी देवप्रयाग का उच्चीकरण का उप जिला चिकित्सालय बनायेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**10वीं एवं 12वीं कक्षा के मेधावी छात्र-छात्राओं के लिए भारत दर्शन शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम की घोषणा लाभान्वित विद्यार्थियों की संख्या एवं व्यय विवरण के संबंध में।**

23 **श्री विनोद कण्डारी (देयप्रयाग ):**

**शिक्षा मंत्रालय :**=क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश के विकास खण्ड स्तर पर 10वी व 12वी कक्षा में सर्वश्रेष्ठ अंक पाने वाले मेधावी 02 छात्र-छात्राओं को 'भारत दर्शन' शैक्षिक भ्रमण कराया जाता है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि 'भारत दर्शन' शैक्षिक भ्रमण की घोषणा कब की गयी थी और इस वर्ष भारत दर्शन शैक्षिक कार्यक्रम में कितने छात्र-छात्राओं को कहां-कहां भम्रण कराया गया था तथा उस पर कितनी धनराशि व्यय की गयी है? क्या मंत्री जी 'भारत दर्शन' शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम में व्यय धनराशि का सम्पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेंगे? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**विधानसभा क्षेत्र सहसपुर अंतर्गत नगर पंचायत सेलाकुई के ए ग्रेड प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में सुविधाओं के अभाव एवं बढ़ती आबादी के दृष्टिगत उच्चीकरण कर 50 बैड के स्वास्थ्य केन्द्र के रूप में विकसित किये जाने के संबंध में।**

24 **श्री सहदेव सिंह पुण्डीर (सहसपुर ):**

**स्वास्थ्य मंत्रालय :**=क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून की विधान सभा क्षेत्र सहसपुर के अन्तर्गत नगर पंचायत, सेलाकुई मंे 'ए' ग्रेड प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में सुविधाओं के अभाव एवं बढ़ती आबादी के दृष्टिगत क्षेत्रवासियों को उपचार हेतु लगभग 15-20 किमी0 की दूरी पर स्थित अस्पतालों में जाना पड़ता है? क्या मंत्री जी बतायेंगे कि उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के उच्चीकरण हेतु शासन स्तर पर कोई कार्यवाही प्रस्तावित है? यदि हां, तो क्या सरकार नगर पंचायत सेलाकुई की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के दृष्टिगत उक्त स्वास्थ्य केन्द्र को उच्चीकृत कर 50 बैड का स्वास्थ्य केन्द्र बनायेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**जनपद देहरादून के विधान सभा क्षेत्र सहसपुर में स्नातक एवं स्नातकोत्तर शिक्षा हेतु राजकीय महाविद्यालय की स्थापना किये जाने के संबंध में।**

25 **श्री सहदेव सिंह पुण्डीर (सहसपुर ):**

**शिक्षा मंत्रालय :**=क्या उच्च शिक्षा मंत्री को ज्ञात हैं कि जनपद देहरादून के विधान सभा क्षेत्र सहसपुर में कोई भी राजकीय महाविद्यालय न होने के कारण छात्र-छात्राओं को अपने

स्नातक व स्नातकोत्तर शिक्षा हेतु निजी शिक्षण संस्थान में प्रवेश लेना पड़ता है, जिससे निर्धन परिवारों के छात्र-छात्राएं निजी संस्थान में पढ़ाई का खर्च वहन नहीं कर पाते हैं? क्या यह भी सत्य है कि देहरादून व विकासनगर शहर में ही राजकीय महाविद्यालय होने के कारण सहसपुर विधान सभा क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को स्नातक व स्नातकोत्तर की शिक्षा ग्रहण करने हेतु अत्यधिक दूरी तय करनी पड़ती है? क्या सरकार छात्र हित को दृष्टिगत रखते हुए विधान सभा क्षेत्र सहसपुर में राजकीय महाविद्यालय की स्थापना करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## राज्य में संचालित राजकीय प्राथमिक विद्यालयों की कुल संख्या वर्ष 2020 से अब तक छात्र संख्या के अभाव में बन्द किये गये विद्यालयों का विवरण तथा विद्यालय बन्द किये जाने हेतु निर्धारित मानकों के संबंध में।

26 **श्री महेश जीना** (सल्ट ):

**शिक्षा मंत्रालय** :=क्या विद्यालयी शिक्षा (बेसिक) मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कितने राजकीय प्राथमिक विद्यालय स्थापित हैं? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष, 2020 से आतिथि तक कितने राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में छात्र संख्या नहीं होने के कारण विद्यालयों को बन्द कर दिया गया है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि उक्त विद्यालयों को बन्द करने हेतु क्या मानक तय किये गये हैं? क्या सरकार उपरोक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## राज्य के अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में वर्षों से तदर्थ रूप से सेवारत प्रवक्ता एवं एलटी शिक्षकों की संख्या एवं उनके स्थायीकरण मौलिक नियुक्ति की प्रक्रिया के संबंध में।

27 **श्री महेश जीना** (सल्ट ):

**शिक्षा मंत्रालय** :=क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कितने अशासकीय माध्यमिक विद्यालय हैं, जिसमें वर्षों से तदर्थ रुप से कार्यरत प्रवक्ता एवं एल.टी. शिक्षक अपनी सेवाऐं दे रहे हैं? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि तदर्थ रुप से कार्यरत प्रवक्ता एवं एल.टी. में कितने शिक्षक सेवारत हैं और इन शिक्षकों की स्थायीकरण/मौलिक नियुक्ति की प्रक्रिया शासन स्तर पर गतिमान है? यदि हां, तो क्या सरकार समस्त अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत तदर्थ प्रवक्ता एवं एल.टी. शिक्षकों को मौलिक नियुक्ति प्रदान करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## जनपद अल्मोड़ा के विधानसभा क्षेत्र सल्ट के विद्यालयों में राष्ट्रीय कैडेट कोर एन.सी.सी पाठ्यक्रम की स्वीकृति के संबंध में।

28 **श्री महेश जीना** (सल्ट ):

**शिक्षा मंत्रालय** :=क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) मंत्री को ज्ञात हैं कि प्रदेश के अधिकांश नौजवान फौज में भर्ती होकर देश की सेवा करते है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी इस बात से भी अवगत हैं कि वर्तमान में जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र सल्ट के किसी भी विद्यालय में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एन.सी.सी.) पाठ्यक्रम स्वीकृत नहीं है? क्या सरकार प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों के विद्यालयों में अनिवार्य रुप से राष्ट्रीय कैडेट कोर (एन.सी.सी.) पाठ्यक्रम की स्वीकृति प्रदान करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**प्रदेश के अशासकीय विद्यालयों विशेषत विधानसभा क्षेत्र सल्ट जनपद अल्मोड़ा में संचालित जीर्ण-शीर्ण विद्यालय भवनों के नव निर्माण पुनर्निर्माण किये जाने के संबंध में।**

29 **श्री महेश जीना** (**सल्ट** ):

**शिक्षा मंत्रालय** :=क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश के अशासकीय विद्यालयों के अधिकांश भवन जीर्ण-शीर्ण स्थिति में हैं? यदि हां, तो क्या मंत्री जी इस बात से भी अवगत है कि जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र सल्ट में संचालित अशासकीय विद्यालयों के भवन अध्यापन करने के लिए अनुकूल नहीं होने से छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक सत्र के दौरान कई बार बाहर बैठाकर पठन-पाठन का कार्य कराया जाता है? क्या सरकार विधान सभा क्षेत्र सल्ट के अन्तर्गत संचालित अशासकीय विद्यालयों के जीर्ण-शीर्ण भवनों का नव निर्माण करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों विशेषत जनपद अल्मोड़ा के विधानसभा क्षेत्र सल्ट में चिकित्सालयों में चिकित्सकीय सुविधाओं की स्थिति तथा स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुविधाजनक बनाने हेतु सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों के संबंध में।**

30 **श्री महेश जीना** (**सल्ट** ):

**स्वास्थ्य मंत्रालय** :=क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों के अधिकांश चिकित्सालयों में चिकित्सकीय सुविधाओं का अभाव है? क्या यह भी सत्य है कि जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र सल्ट में स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में स्थानीय जनता को स्वास्थ्य सुविधा हेतु रामनगर, काशीपुर या दिल्ली जाना पड़ता है, जिस कारण उन्हे अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है? क्या मंत्री जी बतायेंगे कि सरकार पर्वतीय क्षेत्र के चिकित्सालयों में स्वास्थ्य सुविधाओं को अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए किस तरह के प्रयास कर रही है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**राज्य के समस्त वित्तविहीन अशासकीय विद्यालयों में वर्ष 2012 से कार्यरत पी.टी.ए. शिक्षकों की सेवा मान्यता एवं मानदेय प्रदान किये जाने के संबंध में।**

31 **श्री महेश जीना** (सल्ट ):

**शिक्षा मंत्रालय** :=क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) मंत्री को ज्ञात हैं कि प्रदेश के समस्त वित्तविहीन अशासकीय विद्यालयों के पी.टी.ए. शिक्षक वर्ष, 2012 से नियमित रुप से अपनी सेवा दे रहे है? क्या मंत्री जी इस बात से भी अवगत है कि अशासकीय विद्यालयों में कार्यरत पी.टी.ए. शिक्षक बिना मानदेय के अपनी सेवा दे रहे है और अपने पद की पूर्ण योग्यता रखते है? यदि हां, तो क्या सरकार प्रदेश के समस्त वित्तविहीन अशासकीय विद्यालयों में कार्यरत इन पी.टी.ए. शिक्षकों को भी मानदेय देगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**राज्य के जनपद अल्मोड़ा विधानसभा क्षेत्र सल्ट में स्थापित राजकीय इंटर कॉलेज जौरासी स्थापना वर्ष 1948 के भवन की जीर्ण-शीर्ण स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए उसका नव निर्माण कराये जाने के संबंध में।**

32 **श्री महेश जीना** (सल्ट ):

**शिक्षा मंत्रालय** :=क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) मंत्री को ज्ञात है कि जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र सल्ट में राजकीय इण्टर कॉलेज जौरासी वर्ष, 1948 में स्थापित किया गया था? क्या यह भी सत्य है कि वर्तमान में उक्त विद्यालय का भवन अत्यधिक जीर्ण-शीर्ण स्थिति में है, जिससे छात्रों के साथ कभी भी कोई अप्रिय घटना घटित हो सकती है? यदि हां, तो क्या सरकार छात्र हित को दृष्टिगत रखते हुए राजकीय इण्टर कालेज, जौरासी के विद्यालय भवन का नव निर्माण करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**जनपद अल्मोड़ा विधानसभा क्षेत्र सल्ट के अति दुर्गम क्षेत्रों (भीताकोटखाल, मरचूला व तराड़) में ए.एन.एम. सेंटर की स्थापना के संबंध में (मुख्यमंत्री घोषणा संख्या- 201/2023 के अनुरूप)।**

33 **श्री महेश जीना** (सल्ट ):

**स्वास्थ्य मंत्रालय** :=क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र सल्ट में मुख्यमंत्री घोषणा संख्या- 201/2023 के अनुरूप विधान सभा क्षेत्र सल्ट के अति दुर्गम क्षेत्रों में ए.एन.एम. सेन्टर स्थापित किये जायेगे? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि सल्ट के अति दुर्गम क्षेत्र भीताकोटखाल, मरचूला व तराड़ नामक स्थानों पर कब तक ए.एन.एम. सैन्टर स्थापित किये जायेंगे? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## जनपद चमोली विकास खण्ड पोखरी के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पोखरी के उप जिला चिकित्सालय में उच्चीकरण की स्थिति एवं समय सीमा के संबंध में।

34 **श्री लखपत सिंह बुटोला (बद्रीनाथ)**ः

**स्वास्थ्य मंत्रालय** ः=क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करंेगे कि जनपद चमोली के विकास खण्ड पोखरी के अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, पोखरी का उप जिला चिकित्सालय में उच्चीकरण करने हेतु आतिथि तक क्या कार्यवाही की गयी है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, पोखरी का कब तक उप जिला चिकित्सालय में उच्चीकरण किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## जनपद उत्तरकाशी में पंजीकृत प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों की स्थिति, ऋण वितरण, आय व्यय एवं अधिकारी कर्मचारियों की तैनाती के संबंध में।

35 **श्री संजय डोभाल (यमुनोत्री)**ः

**शिक्षा मंत्रालय** ः=क्या सहकारिता मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी में पंजीकृत प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों एवं किसान सदस्यों की संख्या कितनी है तथा कितने सदस्यों को ऋण वितरित किया गया है? क्या मंत्री जी बतायेंगे कि समितियों के खाते में कितने सदस्यों की हिस्सा राशि जमा है और वर्ष, 2022 से वर्ष, 2025 की अवधि तक समितियों में मदवार कितनी-कितनी प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति (मर्यादित) के किन-किन मदों में आय हुई एवं उक्त समितियों ने किस-किस मद में राशि व्यय की व किन-किन व्यक्तियों/संस्थाओं को कितना-कितना भुगतान किया गया है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि समिति में स्वीकृत पदों के सापेक्ष कितने अधिकारी/कर्मचारी कार्यरत हैं तथा समिति प्रबन्धकों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कोई अनियमितताओं की शिकायत विभाग को प्राप्त हुई है? यदि हां, तो उनके विरुद्ध क्या कार्रवाई की गयी है, का विवरण सदन के पटल पर रखेंगे? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## समग्र शिक्षा अभियान के तहत प्रदेश एवं जनपद उत्तरकाशी विधानसभा क्षेत्र यमुनोत्री में धनराशि आवंटन एवं व्यय का विवरण।

36 **श्री संजय डोभाल (यमुनोत्री)**ः

**शिक्षा मंत्रालय** ः=क्या विद्यालयी शिक्षा (बेसिक/माध्यमिक) मंत्री बतायेंगे कि विगत 4 वर्षों में दिनांक 30 दिसम्बर, 2025 तक समग्र शिक्षा अभियान के अन्तर्गत प्रदेश में कितनी धनराशि का आवंटन किया गया तथा इस अवधि में जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र यमुनोत्री के अन्तर्गत समग्र शिक्षा अभियान के तहत कितनी धनराशि स्वीकृत हुई और कहां-कहां एवं किन-किन योजनाओं में व्यय की गई? क्या मंत्री जी उपरोक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेंगे? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**जनपद अल्मोड़ा विधानसभा क्षेत्र सल्ट के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों के स्वीकृत एवं रिक्त पदों की स्थिति एवं नियुक्ति के संबंध में।**

37 **श्री महेश जीना (सल्ट ):**

**स्वास्थ्य मंत्रालय :**=क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र सल्ट के अन्तर्गत राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं उच्च प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सकों के अनुरूप स्वास्थ्य कर्मियों के कितने-कितने पद स्वीकृत हैं और स्वीकृत पदों के सापेक्ष कितने पद रिक्त हैं? क्या मंत्री जी इस बात से अवगत हैं कि चिकित्सालयों में चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों की कमी के कारण स्थानीय लोगों को स्वास्थ्य सुविधा हेतु रामनगर या काशीपुर जाना पड़ता है? क्या सरकार जनहित में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के दृष्टिगत उक्त सभी चिकित्सालयों में स्वीकृत पदों के सापेक्ष स्वास्थ्य कार्मिकांे की नियुक्ति करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**जनपद अल्मोड़ा विधानसभा क्षेत्र सल्ट के विद्यालयों में शिक्षकों एवं अन्य कर्मचारियों के स्वीकृत एवं रिक्त पदों की स्थिति तथा रिक्त पदों पर नियुक्ति के संबंध में।**

38 **श्री महेश जीना (सल्ट ):**

**शिक्षा मंत्रालय :**=क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में शिक्षकों के अभाव से शिक्षा का स्तर लगातर गिरता जा रहा है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र सल्ट के अन्तर्गत कितने विद्यालयों में प्रवक्ता, सहायक अध्यापक व अन्य कर्मचारियों के कितने पद सृजित हैं और सृजित पदों के सापेक्ष कितने पद रिक्त हैं? क्या सरकार छात्र हितों को दृष्टिगत रखते हुए शिक्षकों के रिक्त पदों पर यथाशीघ्र नियुक्ति करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**देहरादून कोषागार में पेंशनरों के चिकित्सा प्रतिपूर्ति लम्बित बिलों का भुगतान एवं बजट उपलब्ध कराने के संबंध में।**

39 **श्री फुरकान अहमद (पिरानकलियर ):**

**स्वास्थ्य मंत्रालय :**=क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि देहरादून कोषागार में पेंशनरों के चिकित्सा प्रतिपूर्ति के बिलों का भुगतान विगत कई वर्षों से बजट के अभाव के कारण नहीं किया गया है? यदि हां, तो पेंशनरों के लम्बित बिल कितनी धनराशि के हैं? क्या सरकार द्वारा बजट उपलब्ध कराकर देहरादून कोषागार के पेंशनरों के चिकित्सा प्रतिपूर्ति के लम्बित् बिलों का भुगतान शीघ्र कराया जायेगा? यदि हां, तो कब तक? यदि

नहीं, तो क्यों?

----

**जनपद अल्मोड़ा विधानसभा क्षेत्र सल्ट के राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मछोड़ एवं भौनखाल के उच्चीकरण के संबंध में।**

40 **श्री महेश जीना (सल्ट ):**

**स्वास्थ्य मंत्रालय :**=क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र सल्ट के अन्तर्गत राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मछोड़ एवं भौनखाल स्थापित हैं? क्या यह भी सत्य है कि स्थानीय जनता लम्बे समय से उक्त स्वास्थ्य केन्द्रों के उच्चीकरण की माँग कर रही है, किन्तु आतिथि तक स्वास्थ्य केन्द्रों का उच्चीकरण नहीं हो पाया है? यदि हां, तो सरकार कब तक राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मछोड़ एवं भौनखाल का उच्चीकरण करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**जनपद ऊधमसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र नानकमत्ता नगर पालिका परिषद खटीमा इस्लाम नगर गौटिया में उच्च प्राथमिक विद्यालय के उच्चीकरण के संबंध में।**

41 **श्री गोपाल सिंह राणा (नानकमत्ता ):**

**शिक्षा मंत्रालय :**=क्या विद्यालयी शिक्षा (बेसिक/माध्यमिक) मंत्री अवगत हैं कि जनपद ऊधमसिंहनगर के विधान सभा क्षेत्र नानकमत्ता के नगर पालिका परिषद,् खटीमा के अन्तर्गत इस्लाम नगर गौटिया में, जहां पर लगभग 18000 (अट्ठारह हजार) मुस्लिम आबादी है, परन्तु वहां पर मात्र एक उच्च प्राथमिक विद्यालय है, जिसमें 320 छात्र-छात्रायें अध्ययनरत हैं एवं जूनियर हाईस्कूल के बाद शिक्षा की वहां पर कोई व्यवस्था नहीं है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त उच्च प्राथमिक विद्यालय का उच्चीकरण करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**जनपद ऊधमसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र नानकमत्ता ग्राम ऐचता बिही के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के उच्चीकरण के संबंध में।**

42 **श्री गोपाल सिंह राणा (नानकमत्ता ):**

**शिक्षा मंत्रालय :**=क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) मंत्री अवगत हैं कि जनपद ऊधमसिंह नगर के विधान सभा क्षेत्र नानकमत्ता में नानक सागर डैम के पार स्थित ग्राम ऐचता बिही में संचालित राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं को हाईस्कूल की शिक्षा प्राप्ति के उपरान्त इण्टर की शिक्षा प्राप्त करने हेतु 7-8 किमी0 के जंगल को पार करके अन्य विद्यालयों में जाना पड़ता है, जिससे छात्र-छात्राओं को जंगल में बाघ, हाथी, भालू, चीता का भय हमेशा बना रहता है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान शिक्षा सत्र में रा0उ0मा0 विद्यालय ऐचता बिही का उच्चीकरण

किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**जनपद उत्तरकाशी में विश्व बैंक परियोजना राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान एवं अन्य योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों की स्थिति एवं वित्तीय विवरण।**

43 **श्री संजय डोभाल (यमुनोत्री):**

**शिक्षा मंत्रालय** :=क्या उच्च शिक्षा मंत्री बतायेंगे कि जनपद उत्तरकाशी में दिनांक 22 अपै्रल, 2022 से माह जनवरी, 2026 तक विश्व बैंक परियोजना, राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान एवं अन्य योजनाओं में कौन-कौन से निर्माण कार्य स्वीकृत किये गये हैं? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि शासकीय स्वीकृति आदेश के उपरान्त किन-किन एजेंसी द्वारा निर्माण कार्य किया जा रहा है तथा कितनी धनराशि का भुगतान कार्य हेतु एजेंसियों को किया जा चुका है और कितने कार्य पूर्ण/अपूर्ण/गतिमान है? क्या मंत्री जी उपरोक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेंगे? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**प्रदेश के महाविद्यालयों में अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्ग के छात्रों के लिए आरक्षण की स्थिति एवं पालन के संबंध में।**

44 **श्रीमती ममता राकेश (भगवानपुर):**

**शिक्षा मंत्रालय** :=क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में स्थापित महाविद्यालयों में वर्तमान में अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के युवाओं को कितने प्रतिशत आरक्षण का प्राविधान किया गया है? क्या यह सत्य है कि इन संस्थानों में नियमतः आरक्षण का पालन नहीं किया जा रहा है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार आरक्षित वर्ग के युवाओं को कब तक आरक्षण का प्राविधान करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**जनपद अल्मोड़ा विधानसभा क्षेत्र सल्ट के राजकीय इंटर कॉलेज गुमटी में इण्टरमीडिएट स्तर पर हिन्दी एवं समाज शास्त्र विषय के पद सृजन एवं प्रवक्ताओं की नियुक्ति के संबंध में।**

45 **श्री महेश जीना (सल्ट):**

**शिक्षा मंत्रालय** :=क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) मंत्री अवगत हैं कि जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र सल्ट के अन्तर्गत राजकीय इण्टर कालेज, गुमटी में इण्टरमीडिएट स्तर पर हिन्दी और समाज शास्त्र विषय के पद सृजित नहीं हैं, जिस कारण छात्र एवं छात्राओं को अध्ययन हेतु बाहर जाना पड़ता है? क्या सरकार छात्रहित में राजकीय इण्टर कालेज, गुमटी में हिन्दी और समाज शास्त्र विषय के पद सृजित कर प्रवक्ताओं की नियुक्ति करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**जनपद नैनीताल विधानसभा क्षेत्र हल्द्वानी में सुशीला तिवारी राजकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कैथ लैब के निर्माण एवं संचालन के संबंध में।**

46 **श्री सुमित हृदयेश (हल्द्वानी ):**

**स्वास्थ्य मंत्रालय :**—क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र हल्द्वानी में स्थित सुशीला तिवारी राजकीय मेडिकल कॉलेज/अस्पताल में कैथ लैब का निर्माण कब तक पूर्ण हो जायेगा? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त कैथ लैब का संचालन आउटसोर्सिंग से अथवा अन्य किस माध्यम से किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**जनपद नैनीताल विधानसभा क्षेत्र हल्द्वानी के सोबन सिंह जीना बेस चिकित्सालय में सिटी स्कैन मशीन की मरम्मत एवं प्रदेश के चिकित्सालयों में डायबिटीज की दवाइयों की उपलब्धता के संबंध में।**

47 **श्री सुमित हृदयेश (हल्द्वानी ):**

**स्वास्थ्य मंत्रालय :**—क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्र हल्द्वानी में स्थित सोबन सिंह जीना बेस चिकित्साल में खराब सिटी स्कैन मशीन कब तक ठीक करा दी जायेगी? क्या यह सत्य है कि हल्द्वानी सहित प्रदेश के अन्य अस्पतालों में डायबिटीज की दवाईयां उपलब्ध नहीं है? क्या मंत्री जी बतायेंगे कि डायबिटिज की दवाईयां प्रदेश के सभी चिकित्सालयों में कब तक उपलब्ध करा दी जायेंगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**जनपद अल्मोड़ा विधानसभा क्षेत्र सल्ट के राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नैल में चिकित्सक और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की नियुक्ति के संबंध में।**

48 **श्री महेश जीना (सल्ट ):**

**स्वास्थ्य मंत्रालय :**—क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र सल्ट के अन्तर्गत राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, नैल स्थापित है? क्या यह भी सत्य है कि उक्त चिकित्सालय में एक भी चिकित्सक तैनात नहीं है और चिकित्सालय में उपयुक्त स्वास्थ्य सुविधा नहीं होने के कारण स्थानीय लोगों को उपचार हेतु रामनगर, काशीपुर जाना पड़ता है? क्या सरकार जनहित में राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नैल में चिकित्सक के साथ अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की नियुक्ति करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**जनपद अल्मोड़ा विधानसभा क्षेत्र सल्ट के राजकीय प्राथमिक विद्यालय खटोली के जीर्ण-शीर्ण भवन का पुनर्निर्माण/नव निर्माण के संबंध में।**

49 **श्री महेश जीना (सल्ट ):**

**शिक्षा मंत्रालय :**=क्या विद्यालयी शिक्षा (बेसिक) मंत्री अवगत हैं कि जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र सल्ट के अन्तर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय, खटोली का भवन अत्यधिक जीर्ण-शीर्ण स्थिति में है, जिसमें कभी भी कोई अप्रिय घटना घटित हो सकती है? क्या सरकार छात्रहित में राजकीय प्राथमिक विद्यालय, खटोली के क्षतिग्रस्त भवन का पुनर्निर्माण/नव निर्माण करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**विधानसभा क्षेत्र बागेश्वर तहसील काफलीगैर में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र काफलीगैर के उच्चीकरण के संबंध में।**

50 **श्रीमती पार्वती दास (बागेश्वर ):**

**स्वास्थ्य मंत्रालय :**=क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर के विधान सभा क्षेत्र बागेश्वर के तहसील काफलीगैर के अन्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, काफलीगैर स्थापित है? क्या मंत्री जी इस बात से भी अवगत हैं कि स्थानीय जनता काफी समय से उक्त स्वास्थ्य केन्द्र के उच्चीकरण की मॉग कर रही है? क्या सरकार स्थानीय क्षेत्र वासियों के स्वास्थ्य सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र काफलीगैर का उच्चीकरण करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**विधानसभा क्षेत्र बागेश्वर विकास खण्ड गरूड़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बैजनाथ के उच्चीकरण एवं उप जिला चिकित्सालय बनने के संबंध में।**

51 **श्रीमती पार्वती दास (बागेश्वर ):**

**स्वास्थ्य मंत्रालय :**=क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद बागेश्वर के विधान सभा क्षेत्र बागेश्वर के विकास खण्ड गरूड़ में संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बैजनाथ का उच्चीकरण कर, उप जिला चिकित्सालय बनाने की कार्यवाही की जा रही है? क्या मंत्री जी इस बात से अवगत हैं कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बैजनाथ का उच्चीकरण होने से गरूड़ से लगे ग्वालदम, कौसानी, सोमेश्वर तक की जनता लाभान्वित होगी? क्या सरकार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बैजनाथ का उच्चीकरण कर उप जिला चिकित्सालय बनायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**प्रदेश के अशासकीय विद्यालयों में पी0टी0ए0 शिक्षकों के न्यूनतम मानदेय निर्धारण एवं वर्ष 2016 से कार्यरत शिक्षकों को मानदेय परिधि में लाने के संबंध में।**

52 **श्रीमती पार्वती दास (बागेश्वर ):**

**शिक्षा मंत्रालय** :=क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में अशासकीय विद्यालयों में कार्यरत पी0टी0ए0 शिक्षकों के न्यूनतम मानदेय निर्धारण हेतु क्या कार्यवाही की जा रही है? क्या सरकार प्रदेश में अशासकीय विद्यालयों में वर्ष, 2016 से कार्यरत पी0टी0ए0 शिक्षकों को न्यूनतम मानदेय परिधि में लाने हेतु विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**जनपद रुद्रप्रयाग विधानसभा क्षेत्र केदारनाथ के विद्यालयों का हाईस्कूल एवं इण्टर स्तर पर उच्चीकरण वित्तीय वर्ष (2024-25 एवं 2025-26) के संबंध में।**

53 **श्रीमती आशा नौटियाल (केदारनाथ ):**

**शिक्षा मंत्रालय** :=क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) मंत्री बताने का कष्ट करेगे कि जनपद रुद्रप्रयाग के विधान सभा क्षेत्र केदारनाथ के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष, 2024-25 एवं 2025-26 में कितने विद्यालयों का हाईस्कूल एवं इण्टर स्तर पर उच्चीकरण किया जाना प्रस्तावित है? क्या सरकार उच्चीकरण से वंचित विद्यालयों को मानकों में शिथिलता प्रदान करते हुए आगामी शैक्षणिक सत्र से पूर्व उपरोक्त जूनियर हाईस्कूलों एवं हाईस्कूलों का भी उच्चीकरण करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**विधानसभा क्षेत्र बागेश्वर के विद्यालयों का इंटरमीडिएट स्तर पर उच्चीकरण एवं राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पंतक्वैराली का प्रान्तीयकरण एवं उच्चीकरण के संबंध में।**

54 **श्रीमती पार्वती दास (बागेश्वर ):**

**शिक्षा मंत्रालय** :=क्या विद्यालयी शिक्षा (बेसिक/माध्यमिक) मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र बागेश्वर के शहीद रामसिंह बोरा जूनियर हाईस्कूल भगरतोला, राजकीय हाईस्कूल कन्धार, गलई, बिलौना, हाईस्कूल जखेड़ा का इंटरमीडिएट स्तर में उच्चीकरण व राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पंतक्वैराली का प्रान्तीयकरण व उच्चीकरण किया जायेगा? क्या मंत्री जी इस बात से भी अवगत हैं कि विद्यालयों का उच्चीकरण व प्रान्तीयकरण न होने से छात्र-छात्राओं को दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यालयों में जाकर शिक्षाा ग्रहण करनी पड़ती है? क्या सरकार छात्र-छात्राओं के हितों को ध्यान में रखते हुए शहीद रामसिंह बोरा जूनियर हाईस्कूल भगरतोला, राजकीय हाईस्कूल कन्धार, गलई, बिलौना, हाईस्कूल जखेड़ा का इंटर मीडिएट में उच्चीकरण व राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पंतक्वैराली का प्रान्तीयकरण व उच्चीकरण करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## जनपद उत्तरकाशी विधानसभा क्षेत्र यमुनोत्री में संचालित एवं प्रस्तावित उच्च शिक्षण संस्थानों की स्थिति के संबंध में।

55 **श्री संजय डोभाल (यमुनोत्री ):**

**शिक्षा मंत्रालय :**=क्या उच्च शिक्षा मंत्री बतायेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र यमुनोत्री में कितने एवं कौन-कौन से उच्च शिक्षण संस्थान संचालित हो रहे हैं और भविष्य में कौन-कौन से उच्च शिक्षण संस्थानों की स्वीकृति दी जानी प्रस्तावित है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी उपरोक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेंगे? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## जनपद उत्तरकाशी विधानसभा क्षेत्र यमुनोत्री में शिक्षक रिक्त पदों की भर्ती एवं विद्यालयों की जीर्ण-शीर्ण स्थिति के संबंध में।

56 **श्री संजय डोभाल (यमुनोत्री ):**

**शिक्षा मंत्रालय :**=क्या उच्च शिक्षा मंत्री बतायेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र यमुनोत्री में कितने एवं कौन-कौन से उच्च शिक्षण संस्थान संचालित हो रहे हैं और भविष्य में कौन-कौन से उच्च शिक्षण संस्थानों की स्वीकृति दी जानी प्रस्तावित है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी उपरोक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेंगे? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## जनपद टिहरी गढ़वाल विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी के सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में एम्बुलेंस रोगी वाहन संचालन हेतु आउटसोर्सिंग अथवा पीआरडी के माध्यम से चालकों की तैनाती के संबंध में।

57 **श्री प्रीतम सिंह पंवार (धनौल्टी ):**

**स्वास्थ्य मंत्रालय :**=क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, थत्यूड़, कण्डीसौड़ रा0प्रा0 स्वास्थ्य केन्द्र, नैनबाग, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सत्यों (सकलाना) में कितने एम्बुलेंस (रोगी वाहन) तैनात हैं? क्या यह सत्य है कि चालकों के पद रिक्त होने के कारण रोगी वाहनों का संचालन नहीं हो पा रहा है, जिस कारण मरीजों को अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है? क्या सरकार रोगी वाहनों के सुचारु और नियमित संचालन हेतु आउटसोर्स या पी0आर0डी0 के माध्यम से चालकों की तैनाती करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## डॉ0 भक्तदर्शन जी के योगदान को दृष्टिगत रखते हुए किसी विश्वविद्यालय को उनके नाम से नामांकित करने के संबंध में।

58 **श्री प्रीतम सिंह पंवार (धनौल्टी ):**

**शिक्षा मंत्रालय** :=क्या उच्च शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि डॉ0 भक्तदर्शन जी जो वर्ष, 1952 से 1971 तक गढ़वाल संसदीय क्षेत्र से लगातार चार बार सांसद, वर्ष, 1963 से 1971 तक केन्द्रीय कैबिनेट में उप मंत्री तथा राज्य मंत्री रहे हैं? क्या यह सत्य है कि उप शिक्षा मंत्री, भारत सरकार मंे रहते हुए सन्, 1963 में केन्द्रीय विद्यालयों के गठन की पूरी योजना को क्रियान्वयन करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है? क्या सरकार किसी एक विश्वविद्यालय ऐसे महान विभूति, राजनीतिज्ञ, लेखक तथा स्वतन्त्रता सेनानी के नाम पर किए जाने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी जनपद टिहरी गढ़वाल के रा.उ.प्रा.वि इडियान रा.प्रा.वि. तिखोन रा.प्रा.वि. क्यार्दा रा.प्रा.वि. सावली एवं रा.प्रा.वि. सुमनक्यारी के भवन मरम्मत वृहद् मरम्मत एवं पुनर्निर्माण कार्यों के प्रस्ताव प्राक्कलन निदेशक शिक्षा उत्तराखण्ड को स्वीकृति हेतु प्रेषित किए जाने तथा लम्बित प्रस्तावों की स्वीकृति की संभावित तिथि के संबंध में।**

59 **श्री प्रीतम सिंह पंवार (धनौल्टी ):**

**शिक्षा मंत्रालय** :=क्या विद्यालयी शिक्षा (बेसिक/माध्यमिक) मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत जिला शिक्षा अधिकारी, टिहरी गढ़वाल के माध्यम से रा0उ0प्रा0वि0 इडियान, रा0प्रा0वि0 तिखोन, रा0प्रा0वि0 क्यार्दा, रा0प्रा0वि0, सावली तथा रा0प्रा0वि0, सुमनक्यारी के भवन मरम्मत, वृहद् मरम्मत तथा भवन पुनर्निर्माण कार्यांेे के प्रस्ताव/प्राक्कलन निदेशक, शिक्षा उत्तराखण्ड को स्वीकृति हेतु प्रेषित किये गये हैं? यदि हां, तो क्या सरकार बतायेगी कि स्वीकृति की प्रत्याशा में लम्बित् प्रस्तावों/आगणनों को कब तक स्वीकृत किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी जनपद टिहरी गढ़वाल के विकास खण्ड मुख्यालय जौनपुर के राजकीय इण्टर कॉलेज थत्यूड़ में हाईस्कूल स्तर पर संचालित वाणिज्य विषय की कक्षाओं को इण्टर स्तर पर भी उपलब्ध कराने तथा आसपास के रा.इ.का. भवान काटल बंगसील और क्यारी में वाणिज्य विषय की अनुपलब्धता को दूर कर छात्र-छात्राओं के हित में शिक्षा का प्रावधान करने के संबंध में।**

60 **श्री प्रीतम सिंह पंवार (धनौल्टी ):**

**शिक्षा मंत्रालय** :=क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत विकास खण्ड मुख्यालय जौनपुर के राजकीय इण्टर कॉलेज, थत्यूड़ में हाईस्कूल स्तर पर वाणिज्य विषय की कक्षाएं संचालित हैं, किन्तु इण्टर स्तर पर वाणिज्य विषयों का पठन-पाठन नहीं होता है? क्या यह सत्य है कि विकास खण्ड मुख्यालय के आसपास स्थित रा0इ0का0, भवान, काटल, बंगसील तथा क्यारी में भी वाणिज्य विषय नहीं पढ़ाया जाता है? क्या सरकार द्वारा वाणिज्य विषय पढ़ने के इच्छुक छात्र-छात्राओं के हित में राजकीय इण्टरमीडिएट

कॉलेज, थत्यूड़ (जौनपुर) में इसी शिक्षण सत्र से इण्टर स्तर पर वाणिजय विषयों की स्वीकृति प्रदान करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**जनपद रुद्रप्रयाग के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बस्टी में प्रधानाचार्य के रिक्त पद की नियुक्ति के संबंध में।**

61 **श्रीमती आशा नौटियाल (केदारनाथ ):**

**शिक्षा मंत्रालय** :=क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) मंत्री को ज्ञात है कि जनपद रुद्रप्रयाग के अन्तर्गत स्थित रा0उ0मा0वि0, बस्टी में प्रधानाचार्य का पद काफी समय से रिक्त है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बतायेंगे कि उक्त विद्यालय में प्रधानाचार्य के रिक्त पद को कब तक भरा जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**प्रदेश के समस्त जिलों में शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों से प्रशिक्षण प्राप्त डी.एल.एड. चतुर्थ बैच 2020-21 के प्रशिक्षणार्थियों को प्राथमिक विद्यालयों में रिक्त पदों पर नियुक्ति कर प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के संबंध में।**

62 **श्रीमती आशा नौटियाल (केदारनाथ ):**

**शिक्षा मंत्रालय** :=क्या विद्यालयी शिक्षा (बेसिक) मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश के विद्यालयों में प्राथमिक शिक्षकों के अत्यधिक संख्या में पद रिक्त होने से प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है? क्या सरकार प्रदेश के समस्त जिलों के शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों से प्रशिक्षण प्राप्त डी0एल0एड0 चतुर्थ बैच वर्ष, 2020-21 के प्रशिक्षणर्थियों के रिक्त पदों पर नियुक्त करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**विधानसभा क्षेत्र केदारनाथ जनपद रुद्रप्रयाग के ग्राम भौंसाल में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने की योजना के संबंध में।**

63 **श्रीमती आशा नौटियाल (केदारनाथ ):**

**स्वास्थ्य मंत्रालय** :=क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद रुद्रप्रयाग के विधान सभा क्षेत्र केदारनाथ के अन्तर्गत भौंसाल में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोले जाने की कोई योजना है? क्या यह भी सत्य है कि ग्राम चमेली, सिलकोट, भौंसाल, कोमा, चौण्ड, रुमसी गांवों की जनसंख्या लगभग 1250 से अधिक है तथा निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र 25 किमी0 की दूरी पर स्थित है? यदि हां, तो क्या सरकार ग्राम भौंसाल में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलेने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं तो क्यों?

----

## विधानसभा क्षेत्र सल्ट, जनपद अल्मोड़ा के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, देवायल में वर्तमान 20 बैड को 30 बैड करने तथा स्वास्थ्य सुविधाओं को जनहित में अधिक प्रभावी बनाने के संबंध में।

64 **श्री महेश जीना (सल्ट):**

**स्वास्थ्य मंत्रालय :**=क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद अल्मोड़ा की विधान सभा क्षेत्र सल्ट के अन्तर्गत राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, देवायल स्थापित है? क्या मंत्री जी इस बात से भी अवगत हैं कि स्वास्थ्य केन्द्र, देवायल 20 बैड के साथ संचालित हो रहा है जो आज के समय को देखते हुए बहुत कम प्रतीत होता है? क्या सरकार जनहित में राजकीय स्वास्थ्य केन्द्र देवायल को 30 बैड के साथ संचालित करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## प्रदेश में आउटसोर्स माध्यम से तैनात बी.आर.पी. व सी.आर.पी. के मानदेय भुगतान व नियोक्ता एजेन्सी द्वारा की जा रही कटौती के संबंध में।

65 **श्री प्रीतम सिंह पंवार (धनौल्टी):**

**शिक्षा मंत्रालय :**=क्या विद्यालयी शिक्षा (बेसिक) मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश मंे आउटसोर्स के माध्यम से शिक्षा विभाग में तैनात बी.आर.पी. व सी.आर.पी. को नियोक्ता एजेन्सी के द्वारा मानदेय में 25 प्रतिशत से अधिक की कटौती कर भुगतान किया जा रहा है? क्या यह सत्य है कि सरकार द्वारा इनका पूरा मानदेय नियोक्ता एजेन्सी को दिया जा रहा है? क्या मंत्री जी बतायेंगे कि बी.आर.पी. व सी.आर.पी. को कितना मानदेय की दर से नियोक्ता ऐजेन्सी को भुगतान किया जा रहा है? क्या सरकार नियोक्ता ऐजेन्सी द्वारा की जा रही कटौती को रोककर पूर्ण मानदेय का भुगतान कराना सुनिश्चित करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## प्रदेश के माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों के स्थानान्तरण तथा स्थानान्तरण नियमों के पालन के संबंध में।

66 **श्री सुमित हृदयेश (हल्द्वानी):**

**शिक्षा मंत्रालय :**=क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान शिक्षा सत्र मंे प्रदेश के माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों के कितने स्थानान्तरण हुए हैं? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त सभी स्थानान्तरण, स्थानान्तरण एक्ट के अधीन हुए हैं? यदि नहीं, तो उक्त स्थानान्तरण किन नियमों के अन्तर्गत हुए हैं?

----

**प्रदेश के माध्यमिक विद्यालयों में गृह विज्ञान एवं शारीरिक शिक्षा विषयों में एल.टी. और प्रवक्ता शिक्षकों की तैनाती के संबंध में।**

67 **श्री सुमित हृदयेश (हल्द्वानी ):**

**शिक्षा मंत्रालय** :=क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के अन्तर्गत गृह विज्ञान एवं शारीरिक शिक्षा जैसे विषय महत्वपूर्ण है? क्या मंत्री यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान में प्रदेश के माध्यमिक विद्यालयों में गृह विज्ञान एवं शारीरिक शिक्षा में कितने एल0टी0 और प्रवक्ता शिक्षक कार्यरत हैं? क्या सरकार उपरोक्त का विवरण उपलब्ध करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**प्रदेश के माध्यमिक शिक्षकों की वरिष्ठता सम्बन्धी न्यायालयीन वाद में शपथ पत्र न पेश करने एवं आगे की कार्यवाही के संबंध में।**

68 **श्री सुमित हृदयेश (हल्द्वानी ):**

**शिक्षा मंत्रालय** :=क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश के माध्यमिक शिक्षकों की वरिष्ठता सम्बन्धी वाद पर दिनांक 07.01.2026 में माननीय उच्च न्यायालय नैनीताल में मा0 मुख्य न्यायाधीश की बैंच में सुनवाई होनी थी, जो कि सचिव, विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक), उत्तराखण्ड शासन द्वारा शपथ पत्र माननीय न्यायालय में पेश न किये जाने के कारण सम्पन्न न हो सकी? यदि हां, तो इतने गम्भीर विषय पर सरकार द्वारा शपथ पत्र जमा न करने का क्या कारण रहा? क्या सरकार द्वारा उक्त वाद की सुनवाई के पूर्व निकट भविष्य में तत्सम्बन्धी शपथ-पत्र मा0 उच्च न्यायालय मे प्रस्तुत किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**राजकीय महाविद्यालय कमान्द जनपद टिहरी गढ़वाल में विज्ञान संकाय की कक्षाओं के संचालन के संबंध में।**

69 **श्री प्रीतम सिंह पंवार (धनौल्टी ):**

**शिक्षा मंत्रालय** :=क्या उच्च शिक्षा मंत्री को ज्ञात है कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत राजकीय महाविद्यालय, कमान्द में दूरस्थ गांवों के बच्चे उच्च शिक्षा ग्रहण करने हेतु आते हैं, किन्तु महाविद्यालय में विज्ञान संकाय की कक्षायें संचालित न होने से छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा हेतु अत्यधिक दूर जाना पड़ रहा है? क्या सरकार छात्र-छात्राओं के व्यापक हित तथा अभिभावकों एवं जनप्रतिनिधियों की मांग के अनुरूप राजकीय महाविद्यालय, कमान्द में शीघ्र विज्ञान संकाय की कक्षाओं का संचालन वर्तमान सत्र से ही प्रारम्भ करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र थत्यूड़ विकास खण्ड जौनपुर टिहरी गढ़वाल में चिकित्साधिकारियों की तैनाती एवं रेडियोलॉजिस्ट पद के सृजन के संबंध में।

70 **श्री प्रीतम सिंह पंवार (धनौल्टी ):**

**स्वास्थ्य मंत्रालय :**—क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द,्र थत्यूड़ विकास खण्ड़ जौनपुर में चिकित्साधिकारियों के स्वीकृत 11 पदों के सापेक्ष मात्र 03 चिकित्साधिकारी कार्यरत हैं, जिससे इस क्षेत्र की जनता को उपचार हेतु मसूरी या देहरादून जाना पड़ता है? यदि हां, तो क्या सरकार इस दूरस्थ क्षेत्र में निवासरत ग्रामीणों के हित में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द,्र थत्यूड़ में स्वीकृत पदों के सापेक्ष चिकित्साधिकारियों की तैनाती व रेडियोलॉजिस्ट का पद सृजित करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## राजकीय इण्टर कॉलेज दौंक (सकलाना), जौनपुर में हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट स्तर पर नए विषयों के पद सृजन एवं कक्षाओं के संचालन के संबंध में।

71 **श्री प्रीतम सिंह पंवार (धनौल्टी ):**

**शिक्षा मंत्रालय :**—क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) मंत्री बताने का कष्ट करंेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत राजकीय इण्टर कॉलेज, दौंक (सकलाना), जौनपुर में हाईस्कूल स्तर पर संस्कृत, गृह विज्ञान एवं संगीत विषय तथा इण्टर मीडिएट स्तर पर विज्ञान संकाय, संस्कृत तथा गृह विज्ञान के पद सृजित कर कक्षाओं का संचालन कब तक प्रारम्भ किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## प्रदेश के माध्यमिक विद्यालयों में प्रवक्ताओं के रिक्त पदों की स्थिति तथा रिक्त पदों पर भर्ती की कार्यवाही के संबंध में।

72 **श्री सुमित हृदयेश (हल्द्वानी ):**

**शिक्षा मंत्रालय :**—क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के माध्यमिक विद्यालयों में प्रवक्ताओं के कुल कितने पद रिक्त हैं एवं प्रवक्ताओं के रिक्त पदों में से कितने पद सीधी भर्ती और कितने पद पदोन्नति कोटे के रिक्त हैं? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि प्रदेश के माध्यमिक विद्यालयों में रिक्त प्रवक्ताओं के पदों पर सरकार द्वारा भर्ती कब तक की जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## प्रदेश के माध्यमिक विद्यालयों में प्रवक्ता प्रधानाध्यापक एवं प्रधानाचार्य के पदों पर अंतिम पदोन्नति एवं रिक्त पदों पर भर्ती की कार्यवाही के संबंध में।

73 **श्री सुमित हृदयेश (हल्द्वानी ):**

**शिक्षा मंत्रालय** :=क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के माध्यमिक विद्यालयों में प्रवक्ता, प्रधानाध्यापक और प्रधानाचार्य के पदों पर अन्तिम बार पदोन्नतियां कब-कब हुई थी? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि प्रदेश के माध्यमिक विद्यालयों में प्रवक्ताओं, प्रधानाध्यापकों और प्रधानाचार्यों के रिक्त पदों पर सरकार द्वारा निकट भविष्य में भर्ती की जायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## संविदा पर नियुक्त सामुदायिक स्वास्थ्य चिकित्साधिकारियों के नियमितीकरण मानदेय एवं समान कार्य समान वेतन के संबंध में।

"**द्वितीय सोमवार के अतारांकित प्रश्न संख्या-44 में स्थानांतरित**"

74 **श्री भुवन चंद्र कापड़ी (खटीमा ):**

**स्वास्थ्य मंत्रालय** :=क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष, 2009 से संविदा पर नियुक्त सामुदायिक स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारियांेें को नियमित किये जाने की कार्यवाही न किये जाने के क्या कारण हैं? क्या यह सत्य है कि इन चिकित्साधिकारियों का मानदेय वर्ष, 2018 से मात्र 45000/रुपये ही दिया जा रहा है? क्या सरकार इन्हें समान कार्य समान वेतन के सिद्वान्त के अनुरूप वेतन देगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## कर्मचारियों के गोल्डन कार्ड सुविधा में समस्याओं सुझावों एवं सुधारात्मक कार्यवाही के संबंध में।

75 **श्रीमती अनुपमा रावत (हरिद्वार ग्रामीण ):**

**स्वास्थ्य मंत्रालय** :=क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में कर्मचारियों के गोल्डन कार्ड सुविधा को लेकर निरंतर समस्यायें आ रही हैं? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि गोल्डन कार्ड योजना में समय-समय पर सुधार के लिए अधिकारियों/ कर्मचारियों द्वारा सुझाव दिये गये हैं? क्या सरकार द्वारा उन सुझावों पर कोई कार्यवाही की गयी है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी कार्यवाही का विवरण सदन के पटल पर रखेंगे? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## अल्मोड़ा विधान सभा क्षेत्र सल्ट के कृषि विज्ञान इण्टर कॉलेज चनोली को इण्टरमीडिएट स्तर पर कला वर्ग में वित्तीय मान्यता प्रदान करने के संबंध में।

76 **श्री महेश जीना (सल्ट ):**

**शिक्षा मंत्रालय** :=क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) मंत्री अवगत हैं कि जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र सल्ट के अन्तर्गत कृषि विज्ञान इण्टर कॉलेज, चनोली स्थापित है? क्या यह भी सत्य है कि वर्तमान तक विद्यालय को कला वर्ग में इण्टरमीडिएट स्तर पर

वित की मान्यता प्राप्त नहीं होने से क्षेत्रीय जनता द्वारा उक्त विद्यालय को कला वर्ग में इण्टरमीडिएट स्तर पर वित्तीय मान्यता दिये जाने की मांग लम्बे समय से की जा रही है? क्या सरकार छात्रहित को दृष्टिगत रखते हुए कृषि विज्ञान इण्टर कॉलेज, चनोली को कला वर्ग में वित्तीय मान्यता प्रदान करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**प्रदेश में प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्रों की स्थापना प्रस्ताव एवं आम जनता को जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता के संबंध में।**

**"केन्द्रीय विषय होने के आधार पर निरस्त।"**

77 **श्री महेश जीना** (सल्ट ):

**स्वास्थ्य मंत्रालय** :=क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में आतिथि तक कितने जन औषधि केन्द्र स्थापित हो चुके है और कितने प्रस्तावित है? क्या मंत्री जी इस बात से अवगत हैं कि अत्यधिक मंहगाई के कारण आम आदमी जीवन रक्षक अंग्रेजी दवाओं को खरीदने में असमर्थ है? क्या सरकार जनहित में अनिवार्य रुप से प्रत्येक चिकित्सालय में प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र स्थापित करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**जनपद अल्मोड़ा के इण्टर कॉलेज चित्रकूट को पूर्ण वित्तीय मान्यता प्रदान करने के सम्बन्ध में।**

78 **श्री महेश जीना** (सल्ट ):

**शिक्षा मंत्रालय** :=क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) मंत्री अवगत हैं कि जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र सल्ट के अन्तर्गत इण्टर कॉलेज, चित्रकूट को पूर्ण वित्तीय मान्यता दिये जाने की मांग वर्षों से की जा रही है, किन्तु आतिथि तक इण्टर कॉलेज चित्रकूट को वित्तीय मान्यता नहीं मिल पायी है? क्या सरकार स्थानीय जनता की मांग एवं व्यापक छात्रहित में इण्टर कॉलेज, चित्रकूट को वित्तीय मान्यता प्रदान करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**जनपद चमोली के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गौचर का उच्चीकरण एवं मुख्यमंत्री घोषणा 14 नवम्बर 2023 के अनुरूप कार्यवाही के सम्बन्ध में।**

79 **श्री अनिल नौटियाल** (कर्णप्रयाग ):

**स्वास्थ्य मंत्रालय** :=क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करंेगे कि जनपद चमोली के अन्तर्गत दिनांक 14 नवम्बर, 2023 को गौचर मेले के शुभारम्भ के अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा के अनुरूप प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द,्र गौचर का उच्चीकरण किया जायेगा? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र के

उच्चीकरण हेतु आतिथि तक क्या कार्यवाही की गयी है? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**जनपद उत्तरकाशी के विधानसभा क्षेत्र यमुनोत्री अंतर्गत राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चिन्यालीसौड़ के उच्चीकरण की दीर्घकालीन लंबित मांग एवं लगभग 50000 से अधिक आबादी को समुचित स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में।**

80 **श्री संजय डोभाल (यमुनोत्री):**

**स्वास्थ्य मंत्रालय :**=क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र यमुनोत्री के अन्तर्गत राजकीय सामु0 स्वा0 केन्द्र, चिन्यालीसौड़ के उच्चीकरण को लेकर स्थानीय जनता एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा लम्बे समय से मांग की जा रही है? क्या यह सत्य है कि पट्टी दिचली, गमरी, चिन्यालीसौड़ पट्टी दशगी हातड़ के अधिकाधिक गांवों के 50 हजार से अधिक आबादी का एक मात्र मुख्य स्वास्थ्य केन्द्र चिन्यालीसौड़ में है? यदि हां, तो क्या सरकार जनहित में राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, चिन्यालीसौड़ का उच्चीकरण करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**जनपद चमोली के विधानसभा क्षेत्र कर्णप्रयाग अंतर्गत उप जिला चिकित्सालय, गैरसैंण में विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं रेडियोलॉजिस्ट की शीघ्र नियुक्ति के संबंध में।**

81 **श्री अनिल नौटियाल (कर्णप्रयाग):**

**स्वास्थ्य मंत्रालय :**=क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के विधान सभा क्षेत्र कर्णप्रयाग के अन्तर्गत उप जिला चिकित्सालय, गैरसैंण में विशेषज्ञ चिकित्सकों व रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति सरकार द्वारा कब तक की जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**दिनांक 09 नवम्बर 2024 को राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर विधान सभा परिसर भराड़ीसैंण में की गई मुख्यमंत्री घोषणा के अनुपालन में महिला बेस चिकित्सालय सिमली को पूर्ण बेस चिकित्सालय में परिवर्तित कर विधिवत संचालन किए जाने के संबंध में।**

82 **श्री अनिल नौटियाल (कर्णप्रयाग):**

**स्वास्थ्य मंत्रालय :**=क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि ‘‘राज्य स्थापना दिवस’’ के अवसर पर दिनांक 09 नवम्बर, 2024 को विधान सभा परिसर, भराड़ीसैंण में मुख्यमंत्री जी के द्वारा घोषणा की गयी थी कि महिला बेस चिकित्सालय, सिमली को पूर्ण बेस चिकित्सालय में परिवर्तित कर विधिवत् संचालन किया जायेगा, किन्तु आतिथि तक मुख्यमंत्री जी की घोषणा के अनुरूप उक्त चिकित्सालय को पूर्ण रूप से बेस चिकित्सालय में परिवर्तित नहीं किया गया है? क्या सरकार व्यापक जनहित में महिला बेस चिकित्सालय, सिमली को पूर्ण रूप से बेस चिकित्सालय में परिवर्तित करेगी?

यदि हां, तो कब तक? नहीं, तो क्यों?

----

**जनपद अल्मोड़ा में संचालित इण्टरमीडिएट विद्यालयों में विज्ञान एवं गणित विषय के स्वीकृत कार्यरत एवं रिक्त पदों की स्थिति तथा रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति किए जाने के संबंध में।**

83 **श्री महेश जीना (सल्ट):**

**शिक्षा मंत्रालय** :=क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा में कितने इण्टरमीडिएट विद्यालय संचालित हैं? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि उक्त विद्यालयों में विज्ञान व गणित विषय के कितने पद स्वीकृत हैं और स्वीकृत पदों के सापेक्ष कुल कितने शिक्षक कार्यरत हैं एवं कितने पद रिक्त हैं? क्या सरकार छात्र हितांे को ध्यान में रखते हुए उक्त इण्टरमीडिएट विद्यालयों के रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्रों में गिरते शैक्षिक स्तर के परिप्रेक्ष्य में जनपद उत्तरकाशी के विधानसभा क्षेत्र यमुनोत्री अंतर्गत समस्त विद्यालयों में प्रवक्ता सहायक अध्यापक एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के सृजित कार्यरत एवं रिक्त पदों की स्थिति तथा रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति किए जाने के संबंध में।**

84 **श्री संजय डोभाल (यमुनोत्री):**

**शिक्षा मंत्रालय** :=क्या विद्यालयी शिक्षा (बेसिक/माध्यमिक) मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्रों में शिक्षा का स्तर लगातार गिर रहा है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र यमुनोत्री के अन्तर्गत समस्त विद्यालयों में प्रवक्ता, सहायक अध्यापक एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के कितने पद सृजित हैं और सृजित पदों के सापेक्ष कितने प्रवक्ता, सहायक अध्यापक एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी नियुक्त हैं तथा कितने पद रिक्त हैं? क्या सरकार छात्र हित को देखते हुए शिक्षकों/ कर्मचारियों के रिक्त पदों पर नियुक्ति करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**घनसाली क्षेत्र के राजकीय इंटर कॉलेजों में प्रवक्ता एवं एल.टी शिक्षकों की रिक्तियों और नियुक्ति कार्यवाही।**

85 **श्री शक्ति लाल शाह (घनशाली):**

**शिक्षा मंत्रालय** :=क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) मंत्री अवगत हैं कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र घनसाली के अन्तर्गत संचालित विभिन्न राजकीय इंटर कॉलेजों में लम्बे समय से प्रवक्ता एवं एल.टी. शिक्षक के पद रिक्त पड़े हुए हैं जिसके कारण विद्यालयों में पठन-पाठन पर अत्यन्त प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है? यदि हां, तो क्या

मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र घनसाली के राजकीय इंटर कॉलेजों में प्रवक्ता एवं एल0टी0 शिक्षकों के वर्तमान में कितने पद रिक्त हैं, उक्त रिक्त पदों को भरने हेतु सरकार द्वारा आतिथि तक क्या कार्यवाही की गयी है तथा इन रिक्त पदों पर नियमित/अस्थाई रुप से शिक्षकों को नियुक्त किये जाने की समय सीमा क्या निर्धारित की गयी है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**भीमताल क्षेत्र के राजकीय इण्टर कॉलेजों की संख्या, भवन स्थिति और भवन निर्माण की कार्यवाही के संबंध में।**

86 **श्री राम सिंह कैड़ा (भीमताल):**

**शिक्षा मंत्रालय** :=क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र भीमताल के अन्तर्गत कितने राजकीय इण्टर कॉलेज स्थापित हैं? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान में विधान सभा क्षेत्र भीमताल के अन्तर्गत कितने इण्टर कॉलेजों के अपने भवन हैं तथा कितने इण्टर कॉलेज भवनविहीन हैं? क्या सरकार छात्रहित में भीमताल के अन्तर्गत स्थित सभी इण्टर कॉलेजों के भवनों का निर्माण करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ?

----

**जनपद नैनीताल के विधानसभा क्षेत्र भीमताल अंतर्गत राजकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सकों एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के सृजित एवं रिक्त पदों की स्थिति तथा जनहित में रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति किए जाने के संबंध में।**

87 **श्री राम सिंह कैड़ा (भीमताल):**

**स्वास्थ्य मंत्रालय** :=क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र भीमताल के अन्तर्गत स्थित राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं उच्च प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सकों के समान स्वास्थ्य कर्मियों के कितने पद सृजित हैं तथा सृजित पदों के सापेक्ष कितने पद रिक्त हैं? क्या मंत्री जी अवगत हैं कि उक्त चिकित्सालयों में चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों की कमी के कारण स्थानीय लोगों को उचित स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है? यदि हां, तो क्या सरकार जनहित में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने के लिए उक्त सभी चिकित्सालयों में स्वीकृत पदों के सापेक्ष स्वास्थ्य कर्मियों की नियुक्ति करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**जनपद अल्मोड़ा के विधानसभा क्षेत्र सल्ट अंतर्गत मुख्यमंत्री घोषणा संख्या-197/2023 के अनुपालन में औनेड़ी तराड़ स्थित राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के नये भवन निर्माण की स्वीकृति एवं कार्यारम्भ के संबंध में।**

88 **श्री महेश जीना (सल्ट):**

**शिक्षा मंत्रालय** :=क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) मंत्री बताने का कष्ट कि जनपद अल्मोड़ा की विधान सभा क्षेत्र सल्ट के अन्तर्गत मुख्यमंत्री घोषणा संख्या-197/2023 के अनुरूप औनेड़ी तराड़ में राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के नये भवन का निर्माण किया जायेगा? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त विद्यालय के नये भवन की निर्माण की स्वीकृति कब तक मिल जायेगी? क्या सरकार छात्रहित को दृष्टिगत रखते हुए औनेड़ी तराड़ में नये विद्यालय भवन के निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर, निर्माण कार्य शीघ्र प्रारम्भ करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**प्रदेश में फार्मासिस्टों के स्वीकृत एवं रिक्त पदों की स्थिति नियुक्ति प्रक्रिया की वर्तमान प्रगति तथा स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति किए जाने के संबंध में।**

**"विभिन्न विभागों से सम्बद्ध होने के आधार पर निरस्त।"**

89 **श्री महेश जीना (सल्ट):**

**स्वास्थ्य मंत्रालय** :=क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में फार्मासिस्टों के कुल कितने पद स्वीकृत हैं और स्वीकृत पदों के सापेक्ष कितने पद रिक्त हैं? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में फार्मासिस्टों के पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया गतिमान है तथा आतिथि तक रिक्त पदों पर क्या कार्यवाही की गयी है? क्या सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए रिक्त पदों पर फार्मासिस्टों की यथाशीघ्र नियुक्ति करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**जनपद नैनीताल के विधानसभा क्षेत्र भीमताल में अशासकीय विद्यालयों के जीर्ण-शीर्ण भवनों की स्थिति विशेषकर इण्टर कॉलेज गलनी एवं इण्टर कॉलेज पोखराड़ के भवनों की शैक्षणिक अनुकूलता तथा छात्रहित में नव निर्माण किए जाने के संबंध में।**

90 **श्री राम सिंह कैड़ा (भीमताल):**

**शिक्षा मंत्रालय** :=क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) मंत्री अवगत हैं कि जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र भीमताल में अशासकीय विद्यालयों के अधिकांश भवन जीर्ण-शीर्ण स्थिति में हैं? यदि हां, तो क्या मंत्री जी इस बात से भी अवगत हैं कि भीमताल के अन्तर्गत इण्टर कॉलेज गलनी एवं इण्टर कॉलेज पोखराड़ में संचालित भवन अध्यापन करने के लिए अनुकूल नहीं हैं, जिससे छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक सत्र के दौरान कई बार बाहर बैठकर पठन-पाठन का कार्य कराया जाता है? क्या सरकार छात्रहित में उक्त अशासकीय विद्यालयों के जीर्ण-शीर्ण भवनों का नव निर्माण करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## भीमताल क्षेत्र के चिकित्सालयों में अल्ट्रासाउंड एवं एक्स-रे मशीन की स्थिति रेडियोलॉजिस्ट, टेक्नीशियनों की तैनाती और रिक्त पदों की पूर्ति।

91 **श्री राम सिंह कैड़ा (भीमताल ):**

**स्वास्थ्य मंत्रालय** :=क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र भीमताल के अन्तर्गत कितने चिकित्सालयों में मानकानुसार अल्ट्रॉसाउण्ड एवं एक्स-रे मशीन स्थापित है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि भीमताल में अल्ट्रॉसाउण्ड एवं एक्सरे मशीने के सापेक्ष कितने रेडियोलॉजिस्ट एवं टैक्निशियन तैनात किये गये हैं और वर्तमान में उनके कितने पद रिक्त हैं? क्या सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए अल्ट्रॉसाउण्ड एवं एक्स-रे मशीन के सापेक्ष रेडियालॉजिस्ट एवं टैक्नीशियनों की नियुक्ति करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## एन.एच.एम. के संविदा/आउटसोर्स कर्मचारियों की कार्यस्थायित्व एवं भविष्य सुरक्षित करने हेतु आउटसोर्सिंग नीति पर विचार।

92 **श्री संजय डोभाल (यमुनोत्री ):**

**स्वास्थ्य मंत्रालय** :=क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में एन.एच.एम. के अन्तर्गत हजारों संविदा/आउटसोर्स कर्मचारी विगत कई वर्षों से प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं का संचालित कर रहे हैं, परन्तु विभाग द्वारा बार-बार नई आउटसोर्सिंग व्यवस्था/निविदा आमंत्रित कर, नई एजेन्सियों को दिये जाने के कारण वर्षों से कार्यरत कर्मचारियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बतायेंगे कि वर्तमान में कार्यरत एन.एच.एम. के अन्तर्गत हजारों आउटसोर्स कर्मचारियों के भविष्य के दृष्टिगत कर्मचारियों को आउटसोर्स एजेन्सी के माध्यम से न रखकर जिला स्वास्थ्य समिति/राज्य स्वास्थ्य समिति के माध्यम से रखे जाने पर सरकार विचार कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## भीमताल विधान सभा क्षेत्र के विद्यालयों में प्रवक्ता सहायक अध्यापक व अन्य कर्मचारियों के रिक्त पदों पर यथाशीघ्र नियुक्ति।

93 **श्री राम सिंह कैड़ा (भीमताल ):**

**शिक्षा मंत्रालय** :=क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र भीमताल के अन्तर्गत कितने विद्यालयों में प्रवक्ता, सहायक अध्यापक व अन्य कर्मचारियों के कितने पद सृजित हैं और सृजित पदों के सापेक्ष कितने पद रिक्त हैं? क्या सरकार छात्रहितों को दृष्टिगत रखते हुए विधान सभा क्षेत्र भीमताल के अन्तर्गत विद्यालयों में प्रवक्ताओं, सहायक अध्यापकों व अन्य कर्मचारियों के रिक्त पदों पर यथाशीघ्र नियुक्ति करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**भीमताल विधान सभा क्षेत्र एवं पर्वतीय क्षेत्रों में चिकित्सालयों में स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव और सेवाओं में सुधार हेतु कार्ययोजना के संबंध मे।**

94 **श्री राम सिंह कैड़ा (भीमताल ):**

**स्वास्थ्य मंत्रालय :**=क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों के अधिकांश चिकित्सालयों सहित विधान सभा क्षेत्र भीमताल में स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में क्षेत्रीय जनता को चिकित्सा उपचार हेतु हल्द्वानी एवं नैनीताल जाना पड़ता है? क्या सरकार जनहित में पर्वतीय क्षेत्र के चिकित्सालयों में स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाकर अधिक सुविधाजनक बनाने हेतु किसी कार्ययोजना पर विचार कर रही है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी तत्सम्बन्धी सम्पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेंगे? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**भीमताल विधान सभा क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों (ककोड़, बड़ौन, कैंडागांव एवं गौनियारों) का इण्टरमीडिएट स्तर में उच्चीकरण एवं छात्रहित में कार्रवाई के संबंध में।**

95 **श्री राम सिंह कैड़ा (भीमताल ):**

**शिक्षा मंत्रालय :**=क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) मंत्री अवगत हैं कि जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र भीमताल के अन्तर्गत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, ककोड़, बड़ौन, कैंडागांव एवं गौनियारों का इण्टरमीडिएट में उच्चीकरण कराये जाने की मांग क्षेत्रीय जनता द्वारा लम्बे समय से की जा रही है, किन्तु आतिथि तक विद्यालयों का उच्चीकरण नहीं हो पाया है? क्या सरकार छात्रहित में उपरोक्त उच्च माध्यमिक विद्यालयों का इण्टर स्तर में उच्चीकरण करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**भीमताल विधान सभा क्षेत्र के इण्टरमीडिएट कॉलेजों में विज्ञान एवं गणित विषय के स्वीकृत पदों, वर्तमान तैनाती और रिक्त पदों की स्थिति तथा रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति के संबंध में।**

96 **श्री राम सिंह कैड़ा (भीमताल ):**

**शिक्षा मंत्रालय :**=क्या विद्यालयी शिक्षा (माध्यमिक) मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र भीमताल के अन्तर्गत कितने इण्टर मीडिएट कॉलेज संचालित हैं? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त विद्यालयों में विज्ञान एवं गणित विषय के कितने पद स्वीकृत है और स्वीकृत पदों के सापेक्ष कितने शिक्षक कार्यरत एवं कितने पद रिक्त हैं? क्या सरकार छात्रहितों को ध्यान में रखते हुए विधान सभा क्षेत्र भीमताल के अन्तर्गत संचालित इण्टरमीडिएट कॉलेजों में रिक्त पदों पर शिक्षकों की शीघ्र नियुक्ति करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**भीमताल विधान सभा क्षेत्र के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पदमपुरी एवं भीमताल के उच्चीकरण की स्थिति और सरकार की कार्ययोजना के संबंध में।**

97 **श्री राम सिंह कैड़ा (भीमताल ):**

**स्वास्थ्य मंत्रालय** :=क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र भीमताल के अन्तर्गत राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, पदमपुरी एवं भीमताल के उच्चीकरण की मांग स्थानीय जनता द्वारा विगत लम्बे समय से की जा रही है, किन्तु आतिथि तक उक्त चिकित्सालयों का उच्चीकरण नहीं हो पाया है? क्या मंत्री जी बतायेंगे कि सरकार जनहित में सुविधाओं के अनुरुप उपरोक्त राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों का उच्चीकरण करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**भीमताल विधान सभा क्षेत्र के राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ओखलकाण्डा ढोलीगांव खनस्यूं डालकन्या एवं रामगढ़ के उच्चीकरण की स्थिति और सरकार की कार्ययोजना।**

98 **श्री राम सिंह कैड़ा (भीमताल ):**

**स्वास्थ्य मंत्रालय** :=क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र भीमताल के अन्तर्गत राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ओखलकाण्डा, ढोलीगांव, खनस्यूं, डालकन्या एवं रामगढ़ के उच्चीकरण की मांग स्थानीय जनता लम्बे समय से की जा रही है, किन्तु आतिथि तक उक्त स्वास्थ्य केन्द्रों का उच्चीकरण नहीं हो पाया है? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार जनहित में उक्त राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का उच्चीकरण करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**सरकारी स्कूलों में भोजन माताओं के मानदेय में वृद्धि हेतु सरकार की कार्ययोजना।**

99 **श्री संजय डोभाल (यमुनोत्री ):**

**शिक्षा मंत्रालय** :=क्या विद्यालयी शिक्षा (बेसिक/माध्यमिक) मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के सरकारी स्कूलों में छोटे-छोटे बच्चों के लिए भोजन बनाने हेतु भोजन माताओं की व्यवस्था की गयी है तथा उन्हें प्रतिमाह 3000 रुपये मानदेय के रूप में दिया जा रहा है? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त भोजन माताओं के मानदेय में बढ़ोतरी किये जाने हेतु सरकार किसी कार्य योजना पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**प्रदेश के सरकारी स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता और बच्चों के ठंड में पढ़ाई हेतु आवश्यक संसाधन प्रदान करने की कार्ययोजना।**

100 **श्री संजय डोभाल (यमुनोत्री ):**

**शिक्षा मंत्रालय :**—क्या विद्यालयी शिक्षा (बेसिक) मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में शिक्षा विभाग के अन्तर्गत प्रतिवर्ष 12 हजार करोड़ रुपये का बजट अवमुक्त किया जाता है? क्या यह भी सत्य है कि सिंगापुर मॉडल स्टड़ी उत्तराखण्ड में लागू करने के लिए सरकार द्वारा विचार किया गया था, जबकि प्रतिवर्ष 12 हजार करोड़ रुपये बजट के बावजूद भी प्रदेश के सरकारी स्कूलों मंे पढ़ने वाले छोटे-छोटे बच्चे ठंड के समय बिना कुर्सी के टाट-पट्टी बिछाकर जमीन पर पढ़ने को मजबूर हैं? यदि हां, तो क्या सरकार सरकारी स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं से वंचित स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं को कब तक उपलब्ध करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----